# जनपद हमीरपुर

**दिनांक 06.08.2026**

**हमीरपुर पुलिस की प्रभावी कार्यवाही, माह जुलाई में जनपद, गैर जनपद एवं अन्य राज्यों से 205 गुम/खोए स्मार्टफोन बरामद, लगभग ₹38.95 लाख मूल्य के मोबाइल स्वामियों को किए गए सुपुर्द।**

पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के कुशल मार्गदर्शन में प्रभारी सर्विलांस एवं उनकी टीम तथा जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त/तैनात सीईआईआर (CEIR) पोर्टल का संचालन करने वाले पुलिसकर्मियों द्वारा माह जुलाई 2026 के दौरान उल्लेखनीय कार्य करते हुए जनपद, गैर जनपद एवं अन्य राज्यों से कुल 205 गुम/खोए स्मार्टफोन एवं मोबाइल फोन सकुशल बरामद किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत ₹38,95,000 (अड़तीस लाख पचानवे हजार रुपये) है।

बरामद मोबाइल फोनों को आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया गया। इस सराहनीय कार्य में प्रभारी सर्विलांस एवं उनकी टीम के साथ-साथ **थाना कोतवाली नगर** से कम्प्यूटर ऑपरेटर वसीम अहमद एवं का0 गोपाल, **थाना कुरारा** से कम्प्यूटर ऑपरेटर राजेश गुप्ता एवं का0 सुशील कुमार, **थाना** सुमेरपुर से क0ऑ0 धीरज प्रकाश एवं का0 CCTNS शैलेश कुमार, **थाना ललपुरा** से हे0का0 विक्रान्त एवं का0 CCTNS आलोक सिद्धार्थ, **थाना मौदहा** से क0ऑ0 हेमन्त कुमार एवं का0 CCTNS संदीप कुमार, **थाना बिवार** से का0 रविप्रकाश एवं म0का0 खुशबू टण्डन, **थाना सिसोलर** से क0आ0 अखिल कुमार एवं का0 श्याम देव, **थाना जरिया** से का0 रामबहादुर मौर्य एवं म0का0 चेतना सिंह, **थाना जलालपुर** से का0 धीरज सरोज एवं का0 कृष्ण कुमार, **थाना चिकासी** से का0 यशवन्त सिंह एवं का0 अतुल रावत, **थाना राठ** से क0आ0 अनुज सिंह यादव एवं का0 आशीष, **थाना मुस्करा** से क0आ0 धीरेन्द्र यादव एवं का0 संदीप यादव तथा **थाना मझगवां** से का0 CCTNS अभिषेक कुमार एवं का0 CCTNS सतवीर सिंह का विशेष योगदान रहा।

जनपद हमीरपुर पुलिस द्वारा सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम हुए मोबाइल फोनों को ट्रेस कर जनपद, अन्य जनपदों तथा अन्य राज्यों से बरामद करने की कार्यवाही निरंतर प्रभावी ढंग से की जा रही है। पुलिस विभाग आधुनिक तकनीक एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग कर नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

***हमीरपुर पुलिस आमजन से अपील करती है कि मोबाइल फोन गुम होने पर तत्काल निकटतम थाने अथवा सीईआईआर पोर्टल पर सूचना दर्ज कराएं, जिससे समय रहते तकनीकी माध्यम से उसे ट्रेस कर बरामद किया जा सके।***

**हमीरपुर पुलिस- सेवा, सुरक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध।**




थाना जरिया जनपद




UP COP


तवाली मौदहा
थाना मौदहा हमीरपुर



